# अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 09.07.2024

## आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन अव्वल

अमर उजाला ब्यूरो

### जून की रैंकिंग जारी, रेंज स्तर पर मुरादाबाद को पहला तो बरेली को मिला 16वां स्थान

बरेली। जून में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन अव्वल रहा। रेंज स्तर पर मुरादाबाद को प्रथम व बरेली को 16वां स्थान मिला है।

एडीजी जोन रमित शर्मा ने बताया कि जून में आईजीआरएस से छह शिकायतें मिलीं। सभी का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराया गया। इसी वजह से जोन को पहला स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर एडीजी ने आईजीआरएस प्रकोष्ठ में तैनात प्रभारी उप निरीक्षक सतेंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी नरेंद्र प्रताप सिंह एवं महिला आरक्षी कली पांडेय को पुरस्कृत किया।

एडीजी के जनसंपर्क अधिकारी गीतेश कपिल ने बताया कि बरेली जोन के पांच जिलों (बदायूं, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर एवं संभल) को भी प्रथम रैंक मिली है। जिला स्तर पर बरेली एवं रामपुर को 33वीं रैंक तथा शाहजहांपुर व अमरोहा को 55वीं रैंक मिली है।

## जोन में महिला अपराध के सौ वांछित गिरफ्तार

बरेली। महिला अपराध में वांछित चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने बरेली जोन के नौ जिलों में अभियान चलाकर 100 को गिरफ्तार किया।

एक से सात जुलाई तक चलाए गए अभियान में पुलिस ने बरेली से नौ, बदायूं से आठ, पीलीभीत से नौ, शाहजहांपुर से छह, मुरादाबाद से 21, बिजनौर से छह, रामपुर से 23, अमरोहा से 10 और संभल से आठ वांछितों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो

# दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 09.07.2024

## जोन नंबर-1, जिला रैंकिंग में 33वें स्थान पर बरेली

जासं, बरेली : जनसुनवाई पोर्टल (आइजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन ने एक बार फिर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। जोन के नौ जनपदों में जिला स्तर पर बरेली को 33वें स्थान जबकि शाहजहांपुर व अमरोहा 55वीं रैंक के साथ सबसे निचले पायदान पर रहे। रेंज स्तर पर मुरादाबाद ने प्रथम व बरेली ने 16वां स्थान हासिल किया।

शासन स्तर से सोमवार को जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण के संबंध में प्रदेश स्तर पर जून माह की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गई। जून में जोन कार्यालय को छह शिकायतें मिलीं, जिनका समयबद्ध निस्तारण हुआ और जोन पहला स्थान प्राप्त करने में कामयाब रहा। जोन के पांच जनपदों बदायूं, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर एवं संभल ने पहला स्थान हासिल किया। बरेली एवं रामपुर को 33वां व शाहजहांपुर एवं अमरोहा को 55वां स्थान मिला। बेहतर कार्य के लिए एडीजी रमित शर्मा ने कार्यालय में आइजीआरएस प्रकोष्ठ में नियुक्त प्रभारी सतेन्द्र कुमार, नरेंद्र प्रताप सिंह एवं कली पांडेय को सम्मानित किया।

# दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 09.07.2024

## महिला अपराध में सात दिन में सौ की गिरफ्तारी

जासं, बरेली : एडीजी जोन रमित शर्मा के आदेश पर जोन के नौ जनपदों में महिला अपराधों में संलिप्त आरोपितों की गिरफ्तारी का विशेष अभियान चला। एक जुलाई से चले 15 दिवसीय अभियान में सात दिनों में सौ आरोपितों की गिरफ्तारी की गई।

एडीजी जोन कार्यालय के अनुसार, अभियान में रामपुर में सर्वाधिक 23 आरोपितों की गिरफ्तारी हुई। मुरादाबाद में 21, अमरोहा में 10, बरेली व पीलीभीत में नौ-नौ, बदायूं व संभल में आठ एवं शाहजहांपुर व बिजनौर में सबसे कम छह आरोपितों की गिरफ्तारी हुई।

एडीजी ने बताया कि 15 जुलाई तक अभियान चलेगा। सभी जनपद प्रभारियों को महिला अपराध में वांछित आरोपितों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।

# हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 09.07.2024

## महिला अपराधों में सौ वांछित गिरफ्तार

बरेली। महिला अपराधों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को 15 दिन का अभियान चल रहा है। अभियान के एक सप्ताह में बरेली जोन में सौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक जुलाई से शुरू हुए अभियान में रामपुर में सर्वाधिक 23 और शाहजहांपुर व बिजनौर में सबसे कम छह-छह गिरफ्तारी हुई हैं। इसके अलावा बरेली व पीलीभीत में नौ-नौ, बदायूं व संभल में आठ-आठ, मुरादाबाद में 21 और अमरोहा में 10 गिरफ्तारी की गई हैं।

# अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 09.07.2024

## आईजीआरएस : शिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन प्रथम

**बरेली, अमृत विचार :** आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में जून में बरेली जोन को प्रथम स्थान मिला है। इसके लिए अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने आईजीआरएस प्रकोष्ठ के तीन पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया।

जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण को लेकर प्रदेश स्तर पर जून महीने की मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गई है। जून में बरेली जोन की छह शिकायतें पहुंची, जिनका गुणवत्तापरक और समय से निस्तारण किया गया। आईजीआरएस प्रकोष्ठ के प्रभारी

- **अपर पुलिस महानिदेशक ने तीन पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित**

उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी नरेन्द्र प्रताप सिंह और महिला आरक्षी कली पाण्डेय को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा जोन के मुरादाबाद परिक्षेत्र को प्रथम और बरेली परिक्षेत्र को 16वीं रैंक मिली है। जोन के पांच जिलों बदायूं, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर और संभल को भी पहला स्थान मिला है। वहीं बरेली और रामपुर को 33वीं और शाहजहांपुर और अमरोहा जिले को 55वीं रैंक मिली है।

---

## महिला अपराधों में वांछित सौ आरोपी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा के आदेश पर जोन में महिला अपराध में फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए 15 दिन का अभियान चलाया जा रहा है। एक सप्ताह में सौ से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि जोन के सभी जिलों में 1 से 15 जुलाई तक अभियान चलाया जा रहा है। 7 जुलाई तक सौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अभियान को और तेजी से चलाने के निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान बरेली पुलिस ने नौ, बदायूं ने आठ, पीलीभीत ने नौ, शाहजहांपुर ने छह, मुरादाबाद ने 21, बिजनौर ने छह, रामपुर ने 23, अमरोहा ने 10 और संभल ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# आई नेक्सट जनपद बरेली दिनॉक 09.07.2024

## जोन नंबर-1, 33वें स्थान पर बरेली

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (8 July):** जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन ने एक बार फिर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है. जोन के नौ जनपदों में जिला स्तर पर बरेली को 33वां स्थान मिला जबकि शाहजहांपुर व अमरोहा 55वीं रैंक के साथ सबसे निचले पायदान पर रहा.

### पांच जनपदों में मिली रैंक

रेंज स्तर पर मुरादाबाद ने प्रथम व बरेली ने 16वां स्थान हासिल किया. शासन स्तर से सोमवार को जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण के संबंध में प्रदेश स्तर पर जून माह की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गयी. जून माह में जोन कार्यालय को छह शिकायतें मिलीं जिनका समयबद्ध निस्तारण हुआ और जोन पहला स्थान प्राप्त करने में कामयाब रहा. जोन के पांच जनपदों बदायूं, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर एवं संभल ने पहला स्थान हासिल किया. बरेली एवं रामपुर को 33वां व शाहजहांपुर एवं अमरोहा को 55वां स्थान मिला. बेहतर कार्य के लिए एडीजी रमित शर्मा ने कार्यालय में आइजीआरएस प्रकोष्ठ में नियुक्त प्रभारी सतेन्द्र कुमार, नरेंद्र प्रताप सिंह एवं कली पांडेय को उनके उत्कृष्ट कार्य पर पुरूस्कृत किया.

## आई नेक्सट जनपद बरेली दिनॉक 09.07.2024

### महिला अपराध में सात दिन में सौ की गिरफ्तारी

एडीजी जोन रमित शर्मा के आदेश पर जोन के नौ जनपदों में महिला अपराधों में संलिप्त आरोपितों की गिरफ्तारी का विशेष अभियान चला. एक जुलाई से चले 15 दिवसीय अभियान में सात दिनों में सौ आरोपितों की गिरफ्तारी की गई. एडीजी जोन कार्यालय के अनुसार, अभियान में रामपुर में सर्वाधिक 23 आरोपितों की गिरफ्तारी हुई. इसके अलावा मुरादाबाद में 21, अमरोहा में 10, बरेली व पीलीभीत में नौ-नौ, बदायूं व संभल में आठ एवं शाहजहांपुर व बिजनौर में सबसे कम छह आरोपितों की गिरफ्तारी हुई. एडीजी ने बताया कि 15 जुलाई तक अभियान चलेगा. सभी जनपद प्रभारियों को महिला अपराध में वांछित आरोपितों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं.

## तरूण मित्र जनपद बरेली दिनॉक 09.07.2024

### आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में बरेली जोन प्रदेश में अव्वल

**बरेली, 08 जुलाई (तरूणमित्र)।** अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन के निर्देशन में माह जून 2024 में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली-जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में प्रदेश स्तर पर मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गयी है। माह जून 2024 में बरेली जोन के जन सुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन के निर्देशन में कराया गया, जिसके फलस्वरूप जोन स्तर पर बरेली जोन को माह जून के मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

माह जून में 6 सन्दर्भ प्राप्त हुये जिसमें सभी 6 सन्दर्भों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराया गया। आईजीआरएस पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में माह जून में बरेली जोन को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन द्वारा आईजीआरएस प्रकोष्ठ में नियुक्त प्रभारी उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी नरेन्द्र प्रताप सिंह एवं महिला आरक्षी कली पाण्डेय को पुरूस्कृत किया गया।

इसी प्रकार अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन के पर्यवेक्षण में परिक्षेत्र स्तर पर मुरादाबाद परिक्षेत्र को प्रथम एवं बरेली परिक्षेत्र को 16वीं रैंक तथा जोन के पॉच जनपदों (बदायूॅं, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर एवं सम्भल) को भी प्रथम रैंक, जनपद बरेली एवं रामपुर को 33वीं रैंक तथा जनपद शाहजहॉपुर एवं अमरोहा को 55वीं रैंक प्राप्त हुयी है।

अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन द्वारा सभी जनपद प्रभारियों को आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

# युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 09.07.2024

# एडीजी के निर्देशन में जून माह की आईजी आरएस शिकायत निस्तारण में बरेली प्रथम



युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर

बरेली। शासन द्वारा संचालन जनसुनवाई पोर्टल (IGRS) पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में प्रदेश स्तर पर मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गयी है। माह जून 2024 में बरेली जोन के जन सुनवाई पोर्टल (IGRS) पर प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन के निर्देशन में कराया गया, जिसके फलस्वरूप जोन स्तर पर बरेली जोन को माह जून के मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। माह जून में 6 सन्दर्भ प्राप्त हुये जिसमें सभी 6 सन्दर्भों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराया गया। शासन द्वारा संशोधित नई समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली-जनसुनवाई पोर्टल (IGRS) पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में माह जून में बरेली जोन को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन द्वारा IGRS प्रकोष्ठ में नियुक्त प्रभारी उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी नरेन्द्र प्रताप सिंह एवं महिला आरक्षी कली पाण्डेय को पुरूस्कृत किया गया। इसी प्रकार अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन के पर्यवेक्षण में परिक्षेत्र स्तर पर मुरादाबाद परिक्षेत्र को प्रथम एवं बरेली परिक्षेत्र को 16वीं रैंक तथा जोन के पॉच जनपदों(बदायूँ, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर एवं सम्भल) को भी प्रथम रैंक, जनपद बरेली एवं रामपुर को 33वीं रैंक तथा जनपद शाहजहाँपुर एवं अमरोहा को 55वीं रैंक प्राप्त हुयी है। अपर पुलिस महानिदेषक बरेली जोन द्वारा सभी जनपद प्रभारियों को IGRS पर प्राप्त षिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

# भास्कर ब्यूरो जनपद बरेली दिनॉक 09.07.2024

## जन समस्याओं के निस्तारण में एडीजी जोन अव्वल

भास्कर ब्यूरो



**बरेली।** सीएम योगी की प्राथमिकता में शामिल जनता की शिकायतों के निस्तारण में बरेली जोन नंबर वन है। जोन में शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। इसके अलावा बरेली जोन के पांच जिले में अव्वल आये हैं। शाहजहांपुर और अमरोहा शिकायतों के निस्तारण में सबसे फिसड्डी साबित हुए हैं।

शासन की आईजीआरएस रैंकिंग

शासन ने जून 2024 में प्रदेश भर की आईजीआरएस की रैंकिंग जारी की है। इसमें बरेली जोन जन शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण में एडीजी रमित शर्मा के निर्देशन में प्रथम आई है। जून में 6 सन्दर्भ प्राप्त हुए थे। इसमें सभी छह सन्दर्भों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराया गया। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा आईजीआरएस प्रकोष्ठ में नियुक्त प्रभारी उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी नरेन्द्र प्रताप सिंह एवं महिला आरक्षी कली पाण्डेय को पुरस्कृत किया गया।

प्रथम श्रेणी में पास हुए पांच जनपद एडीजी बरेली जोन के पर्यवेक्षण में मुरादाबाद परिक्षेत्र को प्रथम एवं बरेली परिक्षेत्र को 16वीं रैंक मिली है। जोन में बदायूं, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर एवं सम्भल) को भी प्रथम रैंक मिली है। बरेली एवं रामपुर को 33वीं रैंक तथा शाहजहांपुर एवं अमरोहा को 55वीं रैंक प्राप्त हुयी है। एडीजी जोन रमित शर्मा ने बताया कि जनता की शिकायतों को टीम मैनेजमेंट, समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित किया गया। प्रदेश में प्रथम आने पर आईजीआरएस की पूरी टीम को सम्मानित किया जायेगा।

दैनिक जागरण जनपद मुरादाबाद दिनॉक 09.07.2024

# शिकायत निस्तारण में बरेली जोन से मुरादाबाद रहा प्रथम

**जासं, मुरादाबाद:** बरेली जोन में मुरादाबाद रेंज की पुलिस ने आइजीआरएस की शिकायतों के समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करने में प्रथम स्थान पर रहा है। एडीजी ने अच्छा काम करने वाले सभी पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

शासन ने माह जून 2024 में प्रदेश की आइजीआरएस पर होने वाली शिकायतों की रैंकिंग जारी की है। इसमें बरेली जोन जनशिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण में प्रथम रहा है। जून में छह संदर्भ प्राप्त हुए थे। सभी का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराया गया। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने आइजीआरएस प्रकोष्ठ में नियुक्त प्रभारी उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी नरेन्द्र प्रताप सिंह एवं महिला आरक्षी कली पांडेय को पुरस्कृत किया गया।

**एडीजी ने अच्छा काम करने वाले सभी पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने का लिया निर्णय**

एडीजी बरेली जोन के पर्यवेक्षण में मुरादाबाद परिक्षेत्र को प्रथम एवं बरेली परिक्षेत्र को 16वीं रैंक मिली है। जोन में बदायूं, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर एवं संभल) को भी प्रथम रैंक मिली है। बरेली एवं रामपुर को 33वीं रैंक तथा शाहजहांपुर एवं अमरोहा को 55वीं रैंक प्राप्त हुई है। एडीजी जोन ने जनता की शिकायतों को टीम मैनजमेंट, समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित किया गया। प्रदेश में प्रथम आने पर आइजीआरएस की पूरी टीम को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।